

नवभारत
भोपाल, रविवार, 07 दिसंबर 2025



# महापुरूषों के नाम पर बनेंगे 9 प्रवेश द्वार

## राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का किया भूमिपूजन

**अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा**

**राजधानी को निखारने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी के गौरवशाली अतीत को निखारने के लिए सभी समन्वित आवश्यक प्रयास पूरी प्रतिबद्धता के साथ किए जाएंगे.**

महान प्रतापी राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमि-पूजन किया गया था. राजधानी में महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शासन के दो हजार साल पूर्ण होने पर उनके नाम पर बनने वाले द्वार का भूमि-पूजन किया जायेगा.

भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ये बात शनिवार को समत्व भवन में विधायक रामेश्वर शर्मा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कही. इस दौरान मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर स्मरण करते हुए कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में चाय वाला प्रधानमंत्री और गाय वाला मुख्यमंत्री है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत के साथ विकास का कार्य निरंतर तेज गति से जारी है। राजधानी में निर्मित होने वाले भव्य द्वार विभिन्न महापुरूषों और उनकी विरासत को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं, काशी का भी आनंद उसमें जुड़ा है और महाकाल में महालोक छाया हुआ है. मप्र की धरती से सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन का अद्भुत मॉडल सभी के लिए प्रस्तुत किया.

### विकास एवं विरासत के दो साल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है. राजा भोज की राजधानी को गौरव प्रदान किया गया है. अब राजा भोज के शहर भोपाल में प्रवेश करते ही लोगों को सांस्कृतिक वैभव के दर्शन होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोज-नर्मदा द्वार का पहले भूमिपूजन किया अब दो वर्ष पूर्ण होने पर 13 दिसम्बर को विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन करेंगे. उन्होंने कहा कि हुजूर विधानसभा क्षेत्र में निर्मित होने वाले भव्य द्वारों का स्वरूप अलग-अलग होगा. सभी में भारतीय संस्कृति की अद्भुत झलक दिखाई देगी.



# भोपाल में इंडिगो की 30 में से 22 फ्लाइट का संचालन

**भोपाल, 6 दिसंबर. इंडिगो एयरलाइंस की ओर से उठाए जा रहे कदमों के चलते शनिवार को इस विमानन कंपनी की विमान संचालन की स्थिति में सुधार हुआ. भोपाल विमानतल से इंडिगो की 30 में से 22 उड़ानों का संचालन हुआ, हालाकि आठ उड़ानें शनिवार को भी कैंसल रहीं.**

एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने नवभारत को बताया कि इंडिगो की 30 फ्लाइट्स में से 22 फ्लाइट्स का संचालन हुआ और इनके जरिए यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए. आठ फ्लाइट्स रद्द करना पड़ीं. इसके एक दिन पहले शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस ने मौजूदा संकट के चलते राजा भोज एयरपोर्ट से होकर आने जाने वाली अपनी लगभग 18 उड़ानों को रद्द किया था. डायरेक्टर अवस्थी ने बताया कि मौजूदा संकट के चलते एयरपोर्ट पर इस तरह की व्यवस्थाएं बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यात्री परेशान नहीं हों. फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन संबंधी नए नियमों के कारण इंडिगो एयरलाइंस कथित तौर पर क्रू मैंबर की कमी के संकट से जूझ रही है.



# अकील ने मेट्रो इंजीनियर के साथ की बदसलूकी

**नवभारत रिपोर्ट**

**भोपाल, 06 दिसंबर. राजधानी में चल रहे मेट्रो कार्य के बीच अधिकारियों और कर्मचारियों को नेता डपटते हुए नजर आ रहे हैं.**

मेट्रो ठेका कंपनी के एक इंजीनियर को भोपाल उत्तर से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील तेज आवाज में डपटते हुए नजर आए. अकील के इस व्यवहार से इंजीनियर डरा हुए नजर आए. अकील ने कर्मचारियों को डांट लगाते हुए कहा कि क्या शहर के मालिक बन गए हो. इसी दौरान उन्होंने मेट्रो के अधिकारियों से भी अकील ने फोन पर बात करते हुए कई समस्याएं गिनाई.

शुक्रवार को देर रात आतिफ अकील अपने समर्थकों के साथ सिंधी कॉलोनी की तरफ जा रहे थे. इलाके में मेट्रो के काम के चलते बेरिकेडिंग होने से अकील ने ठेका कंपनी के कर्मचारियों को बुलाकर फटकार लगानी शुरू कर दी. दरअसल इस समय सुभाष नगर से करोंद वाले फेस में मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है. इसके चलते क्षेत्र में मेट्रो निर्माण के दौरान सड़क पर गड्ढे हो गए है. सड़कों पर धूल के गुबार और ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी होती है. कई जगह पर रोड डायवर्ट होने से भी वाहन चालक परेशान है. इन समस्याओं को गिनाते हुए विधायक अकील ने मेट्रो के कर्मचारियों से बहस की.

> कर्मचारियों की तरफ से विधायक को कोई भी नाराजगी भरा जवाब नहीं दिया गया. अब सवाल यह है कि इस तरह का दुर्व्यवहार कर्मचारियों को अगर झेलना पड़े तो यह कितना सही है.

# पत्नी ने तलाक दिए बिना की दूसरी शादी

- पति को सोशल मीडिया पर मिली जानकारी
- पीड़ित पति ने पुलिस में की शिकायत

**नवभारत रिपोर्ट**

**भोपाल, 06 दिसंबर. राजधानी में विवाह और पारिवारिक संबंधों से जुड़ा एक गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की दूसरी शादी की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए पता चली. पत्नी के धोखे से आहत पति ने मामले की शिकायत पुलिस में की है. हबीबगंज जोन के सहायक पुलिस आयुक्त को अरेरा कॉलोनी निवासी दीपक तिवारी ने पत्नी प्रियंका तिवारी के खिलाफ एक लिखित शिकायत दी है. दीपक ने अपनी पत्नी पर उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ-साथ, उन्हें बिना बताए और बिना कानूनी तलाक लिए अजय मिश्रा नामक व्यक्ति से दूसरा विवाह करने का गंभीर आरोप लगाया है.

सबसे गंभीर आरोप यह है कि हाल ही में, दीपक तिवारी को सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि उनकी पत्नी प्रियंका ने उन्हें बिना बताए, अंधेरे में रखते हुए अजय मिश्रा नामक युवक से दूसरा विवाह कर लिया है. दीपक का आरोप है कि उनकी पत्नी ने यह कृत्य करके उनका जीवन अंधकारमय कर दिया है और उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक हानि पहुंचाई है.

# उपभोक्ताओं को 32 लाख की मिली छूट

**भोपाल 06 दिसंबर** . विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 04 लाख 06 हजार 507 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुए नवंबर 2025 में कुल 06 करोड़ 33 लाख 85 हजार की रियायत प्रदान की गई है, जिसमें भोपाल ग्रामीण वृत्त के 12 हजार 760 उपभोक्ताओं को 32 लाख 49 हजार रूपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है. कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत यह रियायत प्रदान की गई है. कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह नवंबर 2025 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है. दिन के टैरिफ में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जा रही है.


